कार्यालय जनपद न्यायाधीश, रायबरेली ।

विज्ञप्ति संख्याः– 01/I–20–20/2021

दीवानी न्यायालय, रायबरेली मे भवनों एवं परिसर की साफ सफाई हेतु संविदा पर अंशकालिक स्वीपर (नियत वेतन प्रतिमाह रु० 6,000/–) के 05 पद पर भर्ती हेतु अर्ह अभ्यर्थीगण से आवेदन पत्र दिनांक 20.04.2021 तक संलग्न प्रारूप–क पर आमन्त्रित किये जाते है:–

पद हेतु आवश्यक योग्यताः–

1. अभ्यर्थी को जूनियर हाईस्कूल या उसके समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिये।
2. हिन्दी पढ़ने–लिखने का ज्ञान एवं स्वस्थ होना चाहिये।
3. भारतवर्ष का नागरिक होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी की आयु दि0 20.04.2021 को 18 वर्ष से 4 ० वर्ष के मध्य तक होनी चाहिये।
   *एस 0 सी0/एस०टी० एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा मे नियमानुसार 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।

भर्ती प्रक्रिया :–

1. इस पद पर भर्ती सीधे साक्षात्कार के आधार पर की जायेगी।
2. समस्त अभ्यर्थीगण का साक्षात्कार दिनांक 24.04.2021 को प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर रायबरेली में नवनिर्मित 18 कक्षीय न्यायालय भवन के चतुर्थ तल पर स्थित सभागार मे सम्पन्न होगा।
   साक्षात्कार हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थीगण की सूची दि0–22.04.2021 से न्यायालय की वेबसाइट ecourts.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसके आधार पर वे उपरोक्त नियत दिनांक,समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होगें।

नोटः नियमानुसार आरक्षण के प्राविधान लागू होगें।

शुल्क सम्बंधी विवरण :–

आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी रू० 100/– (रू० सौ का मात्र) व अनुसूचित जाति व जन जाति के अभ्यर्थी रू० 50 /– (रू0 पचास मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जनपद न्यायाधीश, रायबरेली, के नाम का (किसी राष्ट्रीकृत बैंक का जो रायबरेली में देय हो) संलग्न करें।

आवेदन की प्रक्रिया एवं अंतिम तिथि :–

आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से जनपद न्यायाधीश, रायबरेली के पते पर प्रेषित किये जा सकते है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से भी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायाधीश रायबरेली, के कार्यालय में दिनांक 20.04.2021, को सायं 04:00 बज़े तक प्राप्त कराया जा सकता है। निर्धारित शुल्क के अभाव या निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त किसी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

26/3/021	26.3.21	26.3.2021
(मेराज अहमद)	(सिद्धार्थ सिंह)	(विजय पाल)
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
चयन समिति/	चयन समिति/	चयन समिति/
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,	सप्तम अपर जिला जज	अपर जिला जज / विशेष न्यायाधीश
रायबरेली।	रायबरेली।	रायबरेली।
26.03.2021	26.03.2021	26.03.2021

Approved
02.4.21

संविदा पर अंशकालिक स्वीपर के पद हेतु आवेदन पत्र (प्रारूप–क)

स्वप्रमाणित फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :
2. पिता का नाम :
3. निवास का स्थाई पता :
   अस्थाई पता :
4. जन्मतिथि–अंको एवं शब्दों में:
5. शैक्षिक योग्यता :
   (प्रमाणपत्र संलग्न करें)
6. जाति :
7. आरक्षित श्रेणी :
   यदि हाँ, तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।
8. वैवाहिक स्थिति : विवाहित/अविवाहित
9. स्वीपर का कार्य करने का अनुभव :
   (यदि कोई हो)

घोषणा

मै_______________एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि आवेदन पत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरी निजी जानकारी में सही है, कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है।

हस्ताक्षर अभ्यर्थी

दिनांक–

स्थान–